shardhanjali1:arunjaity.qxd 9/26/2010 8:17 PM Page 88

# नाना, तुझे प्रणाम



**विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान**

प्रज्ञा सदन, श्री गो.ला.त्रे. सरस्वती बाल मन्दिर परिसर, गांधी मार्ग, नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065
दूरभाष/फैक्स : 011-26320126, 26320013 E-mail: vbabss@yahoo.com Website : vidyabharati.org

परम आदरणीय मा. नाना जी देशमुख के आस्तिक निधन का समाचार सुनकर विद्या भारती के सभी कार्यकर्ता एवं केन्द्रीय कार्यालय के बन्धुओं को अत्यन्त असहनीय पीड़ा का अनुभव हुआ। नानाजी देशमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उन प्रमुख प्रचारकों में से थे जिन्होंने शिशु मंदिर योजना का स्वप्न संजोया ही नहीं था, अपितु उसे आकार भी प्रदान किया था। नाना जी ने गोरखपुर के वर्तमान प्रथम शिशु मंदिर की स्थापना एवं भूमि दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जनसंघ में जाने के बाद भी शिशु मंदिर के कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते रहे। राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाला कार्यकर्ता समाज के कार्य में सहयोग करता रहे, ऐसा उनका आग्रह था। मेरा उनके साथ दीर्घकाल से व्यक्तिगत सम्बन्ध रहा है। उनकी निष्ठा, सादा जीवन, परिश्रम एवं सरलता का व्यवहार हृदय पटल पर अंकित है परन्तु अंतिम समय में उनके दर्शन नहीं कर सका, इसका मुझे दुःख है।

आपके शोक में सहभागी

ब्रह्मदेव शर्मा

ब्रह्मदेव शर्मा
राष्ट्रीय संगठन मंत्री





